उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# लोको अस्पताल, कानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.**– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./चिकित्सा/इलाहाबाद/11/18–19


**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |


''''''''

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | लोको अस्पताल, कानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी (कुक व बैरा) |
| 3. | विभाग | चिकित्सा विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2018–19 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 20.11.2018 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 12.03.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 04 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 03 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 04 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 25,49,364/-<br>(पच्चीस लाख उनचास हजार तीन सौ चौंसठ रू0 मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल लोको अस्पताल, कानपुर के डा0 पी0 के0 सरदार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं डा0 रवीन्द्र प्रसाद, सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री दीपक दयाल/कार्यालय अधीक्षक/लोको अस्पताल, कानपुर एवं श्रीमती फूलमती/मुख्य मैट्रन/लोको अस्पताल, कानपुर का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लोको अस्पताल, कानपुर /इलाहाबाद मंडल के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ संवर्ग का कार्य किचेन का संचालन न होने के कारण समाप्त हो गया है। किचेन स्टाफ के लिये 03 बेयरर कार्यरत हैं जिनसे चिकित्सा परिचारक का कार्य कराया जा रहा है एवं कुक का एक पद रिक्त चल रहा है। अतः कार्याध्ययन दल लोको अस्पताल, कानपुर के अधीन सभी 04 किचेन स्टाफ संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में खानपान से संबंधित अधिकाधिक कार्य अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "लोको अस्पताल, कानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्याध्ययन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/लोको अस्पताल/कानपुर के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1.**कर्मचारी संख्या**:– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/लोको अस्पताल/कानपुर के अधीन कार्यरत कुक व बैरा के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुक | 9300 - 34800 GP-4200 (लेवल–6) | 01 | 00 | 01 |
| 2 | बैरा | 5200 - 20200 GP-1900 (लेवल–2) | 03 | 03 | 00 |
| **योग** | | | **04** | **03** | **01** |

**2.2** **कार्य का विवरण**:– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि लोको अस्पताल, कानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ के लिये 1 कुक तथा 03 बैरा के पद स्वीकृत हैं। कुक का 01 पद रिक्त चल रहा है जबकि बैरा के 03 स्वीकृत पदों पर 03 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनसे किचेन का संचालन न होने के कारण चिकित्सा परिचारक का कार्य कराया जा रहा है। लोको अस्पताल में किचेन का कोई कार्य नहीं हो रहा है।

## अध्याय–तृतीय

### वित्तीय परिणाम

3.0 इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुक | 9300 - 34800 GP-4200 (लेवल–6) | 01 | 79,073/- | 79,073/- | 9,48,876/- |
| 2 | बैरा | 5200 - 20200 GP-1900 (लेवल–2) | 03 | 44,458 | 1,33,374 | 16,00,488 |
| | | | | कुल | | 25,49,364/- |
| (पच्चीस लाख उनचास हजार तीन सौ चौंसठ रु0 मात्र )। | | | | | | |

### 3.1 संस्तुतिः–

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि लोको अस्पताल, कानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अधीन कार्यरत किचेन स्टाफ के लिये 01 कुक तथा 03 बैरा के पद स्वीकृत हैं। बैरा संवर्ग में कुल तीन कर्मचारी कार्यरत हैं तथा कुक का 01 पद रिक्त चल रहा है। बैरा के 03 स्वीकृत पदों पर 03 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनसे किचेन का कोई कार्य न होने के कारण चिकित्सा परिचारक का कार्य कराया जा रहा है।

उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि तीन स्टाफ जो कि बैरा के पद पर हैं किन्तु किचेन का संचालन न होने के कारण, बैरा के पदों का कोई औचित्य नहीं है। । अतः कार्याध्ययन दल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लोको अस्पताल, कानपुर /इलाहाबाद मंडल के अधीन सभी 04 किचेन स्टाफ संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////-----------//////////////////////////////////